## कुषाण वंश

1. निम्नलिखित में से वह महानतम कुषाण नेता कौन था, जो बौद्ध बन गया था–
(अ) कुजुल कडफिसस (ब) विम कडफिसस
(स) कनिष्क (द) वशिष्क
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– कुषाण वंश के संस्थापक कुजुल कडफिसेस थे। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा कनिष्क था। इनकी राजधानी पुरुषपुर या पेशावर थी। कुषाणों की द्वितीय राजधानी मथुरा थी। कनिष्क ने 78 ई. में शक संवत् चलाया, जिसे वर्तमान में भारत सरकार द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। बौद्ध धर्म की चौथी संगीति कनिष्क के शासनकाल में कुण्डलवन (कश्मीर) में प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान वसुमित्र की अध्यक्षता में हुई। कनिष्क बौद्ध धर्म के महाया सम्प्रदाय का अनुयायी था। कनिष्क को भारतीय इतिहास एवं मध्य एशिया के इतिहास में अपनी विजय, धार्मिक प्रवृत्ति, साहित्य तथा कला का प्रेमी होने के नाते विशेष स्थान मिलता है।
2. कुषाण काल के दौरान मूर्तिकला की गांधार शैली निम्नलिखित में से किसका मिश्रण है ?
(अ) भारत – इस्लाम शैली
(ब) भारत – ईरानी शैली
(स) भारत – चीन शैली
(द) भारत – ग्रीक (यूनानी) शैली
उत्तर : (द) SSC 2002
व्याख्याः– गांधार शैली (इंडो–ग्रीक) का विकास सर्वाधिक कुषाणों के समय हुआ। गांधार इसका केन्द्र था। सर्वप्रथम गांधार कला में ही बुद्ध की मूर्तियों का निर्माण हुआ माना जाता है। इसमें ग्रीक देवता अपोलो के समान ही बुद्ध की मूर्तियाँ बनीं। सुगठित देहवष्टि, घुंघराले बाल तथा पारदर्शी वस्त्र इस कला की विशेषताएँ थी। कुषाण काल में सबसे अधिक विकास वास्तुकला के क्षेत्र मे हुआ था। इसी काल में बुद्ध की खड़ी प्रतिमा का निर्माण हुआ। गांधार शैली एवं मथुरा शैली का विकास कनिष्क के शासनकाल में हुआ था। गांधार कला के लिए तक्षशिला प्रसिद्ध है। मथुरा संग्रहालय में कुषाणकालीन मूर्तियों का संग्रह अधिक मात्रा में है।
3. कनिष्क की राजधानी थी–
(अ) पुरुषपुर (ब) बनारस
(स) इलाहाबाद (द) सारनाथ
उत्तर : (अ) SSC 2002
व्याख्याः– कुषाण वंश के संस्थापक कुजुल कडफिसेस थे। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा कनिष्क था। इनकी राजधानी पुरुषपुर या पेशावर (वर्तमान में पाकिस्तान, तत्कालीन भारत में) गाँधार प्रान्त के नगर पुरुषपुर में थी। कुषाणों की द्वितीय राजधानी मथुरा थी।
4. पुरुषपुर निम्नलिखित में से किसका दूसरा नाम है ?
(अ) पटना (ब) पाटलिपुत्र
(स) पेशावर (द) पंजाब
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– कुषाण वंश के संस्थापक कुजुल कडफिसेस थे। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा कनिष्क था। इनकी राजधानी पुरुषपुर या पेशावर थी। पुरुषपुर पेशावर का दूसरा नाम है। कुषाणों की द्वितीय राजधानी मथुरा थी।
5. चरक किसके राज–चिकित्सक थे ?
(अ) हर्ष (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) अशोक (द) कनिष्क
उत्तर : (द) SSC 2001
व्याख्याः– कनिष्क का राजवैध आयुर्वेद के विख्यात विद्वान चरक थे। इनके द्वारा रचित चरक संहिता एक प्रसिद्ध आयुर्वेद ग्रन्थ है।
6. तक्षशिला के प्रसिद्ध स्थल होने का कारण था–
(अ) प्राचीन वैदिक कला (ब) मौर्यकालीन कला
(स) गांधार कला (द) गुप्त कला
उत्तर : (स) SSC 2001
7. किस संग्रहालय में कुषाणकालीन मूर्तियों का संग्रह अधिक मात्रा में है ?
(अ) मथुरा संग्रहालय (ब) मुंबई संग्रहालय
(स) मद्रास संग्रहालय (द) दिल्ली संग्रहालय
उत्तर : (अ) SSC 2000
8. निम्नलिखित में किसने सोने के सर्वाधिक शुद्ध सिक्के जारी किए ?
(अ) कुषाण (ब) इण्डो–बैक्ट्रियन
(स) शक (द) गुप्त
उत्तर : (अ)
9. निम्नलिखित में से कनिष्क के समकालीन कौन थे ?
(अ) कंबन, बाणभट्ट, अश्वघोष
(ब) नागार्जुन, अश्वघोष, वसुमित्र
(स) अश्वघोष, कालिदास, बाणभट्ट
(द) कालिदास, कंबन, वसुमित्र
उत्तर : (ब) SSC 2003
10. भारतीयों के महान् रेशम मार्ग (सिल्क रूट) किसने आरंभ कराया ?
(अ) कनिष्क (ब) अशोक
(स) हर्ष (द) फाह्यान
उत्तर : (अ) SSC 1999, RRB 2005

11. निम्नलिखित में से किसने बड़े पैमाने पर स्वर्ण मुद्राएँ (सोने की मुहर) चलाई थी ?
(अ) ग्रीक वासियों ने (ब) मौर्यों ने
(स) कुषाण शासकों ने (द) शुंगों ने
उत्तर : (स) RRB 2006

12. चरक और नागार्जुन किसके दरबार की शोभा थे ?
(अ) कनिष्क (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) अशोक (द) समुद्रगुप्त
उत्तर : (अ) RRB 2004

13. शक संवत् का प्रारंभ किस सम्राट् के शासनकाल में 78 ई. से हुआ था ?
(अ) अशोक (ब) कनिष्क
(स) हर्ष (द) समुद्रगुप्त
उत्तर : (ब) RRB 2005

14. तक्षशिला विश्वविद्यालय स्थित था–
(अ) पाकिस्तान में (ब) भारत में
(स) बांग्लादेश में (द) बर्मा में
उत्तर : (अ) RRB 2005

15. कुषाण काल में सबसे अधिक विकास किस क्षेत्र में हुआ था ?
(अ) धर्म (ब) कला
(स) साहित्य (द) वास्तुकला
उत्तर : (द) RRB 2004

16. बुद्ध की खड़ी प्रतिमा निम्न में से किस काल में बनाई गई ?
(अ) गुप्त काल (ब) कुषाण काल
(स) मौर्य काल (द) गुप्तोत्तर काल
उत्तर : (ब) UPPCS 2014

17. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (राज्य)
A. शुंग
B. चेदि
C. सातवाहन
D. कुषाण
सूची–II (राजधानी)
1. विदिशा
2. कलिंग
3. पैठन/प्रतिष्ठान
4. पुरुषपुर/पेशावर
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
उत्तर : (अ)

18. जो कला शैली भारतीय और ग्रीक/यूनानी शैली का सम्मिश्रण है, उसे कहते हैं–
(अ) शिखर (ब) वेसर
(स) गांधार (द) नागर
उत्तर : (स) RAS/RTS 1998

19. किस चीनी जनरल ने कनिष्क को हराया था ?
(अ) पेन चाओ (ब) पान यण
(स) शी हुआंग टी (द) हो टी
उत्तर : (अ) JPSC 2003

20. उत्तरी तथा उत्तरी–पश्चिमी भारत में सर्वाधिक संख्या में ताँबे के सिक्कों को जारी किया था–
(अ) इण्डो–ग्रीकों ने (ब) कुषाणों ने
(स) शकों ने (द) प्रतिहारों ने
उत्तर : (ब) UPPCS 2005

21. कथन (A) : कुषाण फारस की खाड़ी और लाल सागर से होकर व्यापार करते थे।
कारण (R) : उनकी सुसंगठित नौसेना उच्च कोटि की थी।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या करता है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या नहीं करता है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (स) UPPCS 1998

22. कनिष्क बौद्ध धर्म की किस शाखा का अनुयायी था जिसका प्रसार उसने मध्य एशिया व सुदूर पूर्व में किया ?
(अ) हीनयान (ब) वज्रयान
(स) महायान (द) सहजयान
उत्तर : (स)

23. कनिष्क के शासन काल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटना कौन–सी थी ?
(अ) बौद्ध धर्म का भारत से बाहर प्रसार
(ब) जैन धर्म का पुनः उदय
(स) चतुर्थ बौद्ध संगीति
(द) गांधार शैली का विकास
उत्तर : (स)

24. प्राचीन काल के भारत पर आक्रमणों के संबंध में कौन–सा सही कालानुक्रम है ?
(अ) यूनानी–शक–कुषाण
(ब) यूनानी–कुषाण–षक
(स) शक–यूनानी–कुषाण
(द) शक–कुषाण–यूनानी
उत्तर : (अ) UPPCS 2006

www.rajstudents.com

25. किस कुषाण शासक ने सर्वप्रथम स्वर्ण मुद्राएँ जारी की ?
(अ) कडफिसस प्रथम (ब) कडफिसस द्वितीय
(स) कनिष्क (द) विम कडफिसस
उत्तर : (द)

26. कुषाणों का सम्बन्ध था–
(अ) सीथियन जनजाति से
(ब) पार्थिया से
(स) चीन के यूची जनजाति से
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

27. निम्नलिखित में से कौन कनिष्क के बौद्ध होने के लिए उत्तरदायी था ?
(अ) वसुमित्र (ब) अश्वघोष
(स) नागार्जुन (द) बाणभट्ट
उत्तर : (ब)

28. रोमन साम्राज्य के अनुसरण पर किस वंश के शासकों ने 'कैसर' (सीजर) की उपाधि ग्रहण की ?
(अ) हिन्द–यवन (ब) शक
(स) कुषाण (द) सातवाहन
उत्तर : (स)

29. प्राचीन भारत में निम्न में से किस एक ने नियमित रूप से सोने के सिक्के चलाए ?
(अ) सातवाहन (ब) शक
(स) कुषाण (द) पार्थियन
उत्तर : (स) UPPSC 2008

www.rajstudents.com